# विनयपत्रिकासटीक

بنے پترکا سٹیک

## अर्थात्

डुमरांव निवासि बाबू शिवप्रकाश कृत रामतत्त्व
बोधिनी नाम तिलक सहित

श्री सीताराम चरण कमल मलिन्द श्रीगोस्वामि तुलसीदास कृत

## जिसमें

भक्त भयहारी, अवध बिहारी, दीनहितकारी, श्री दशरथ अजिर
बिहारी, रावणान्तकर्त्ता, विभीषणादि भयहर्त्ता, श्री रामचन्द्र
महाराजाधिराज प्रति विनय अति सुललित भजनों में
निर्मित हैं

105/80

## लखनऊ

तृतीय बार

युत मुन्शी नवलकिशोर जी के यंत्रालय में बक्सर निवासि बाजपेयि पण्डित रामरत्न के
द्वारा शुद्ध हो अति स्वच्छता पूर्वक छपी

## दिसम्बर सन् १८७८ ईसवी



34

# फेहरिस्त पुस्तकों की

## विज्ञप्ति

॥ इस महीने अर्थात् नवम्बर सन् १८७८ ई० पर्य्यंत जो पुस्तकें बेचने के लिये तैयार हैं वह इस सूचीपत्र में लिखी हैं और उनका मोल भी बहुत किफ़ायत से घटा कर नियत हुआ है परंतु व्यापारियों के लिये और भी सस्ती होंगी जिनको व्योपार की इच्छा हो वह छापेखाने के मुहतमिम अथवा मालिक के नाम खत भेजकर कीमत का निर्णय करलें ॥

| नामकिताब | नामकिताब | नामकिताब |
|---|---|---|
| **व्याकरण की पुस्तकें** | कथा यमद्वितीया | सुंदरीचरित्र |
| लघु कौमुदी | आनन्द अमृतवर्षिणी | रामलगन |
| सिद्धान्त चंद्रिका | दशमस्कंध | रामकलेवा |
| **ज्योतिष** | बनयात्रा | सङ्कटावली |
| मुहूर्त चक्र दीपिका | देवीभागवत भाषा | दूसरी पुस्तक रामायणमाला |
| सङ्गहशिरोमणि | सुखसागर | ज्ञानमाला |
| शीघ्रबोध | व्रजविलास | तीसरी रामायण गीताष्टक |
| दैवज्ञाभरण | प्रेमसागर | चौथी ज्ञानदोहावली |
| मुहूर्त गणपति | गोकर्ण माहात्म्य | पाँचवीं रस सारिणी |
| पाराशरी सटीक | सूरसागर | छठी तिथिबोध |
| षट्पंचाशिका | भक्तमाल | सातवीं माल्टदत्तकृत |
| सामुद्रिक | परमार्थ सार | सत्यनारायण की कथा सटीक |
| लघुजातक भाषाटीका सहित | अवधयात्रा | विश्रामसागर |
| जातक चन्द्रिका नागरी | ब्रह्मसार | कल्पसूत्र भाषा नागरी |
| भाषा जातकालंकार | रामायण टेपकी | कथा गंगाजी |
| ज्ञानस्वरोदय | रामायण जिल्दबंधी | शंकर दिग्विजय भाषा |
| रमलसार | गीतावली सटीक | योगवाशिष्ठ भाषा |
| **कोष** | रामायण तुलसीकृत पत्थर की | भाषा महाभारत विजयमुक्तावली |
| अमरकोष तीनों काण्ड | दोहावली रामायण | महाभारत भाषा काशी नरेश कृत |
| तथा प्रथम काण्ड | रामायण सटीक | महाभारत भाषा के उन्नीसों |
| तथा द्वितीय काण्ड | रामायण रामविलास | पर्व्वों में से हर एक पर्व्व अलग |
| शब्दार्थ कोष | सतसई रामायण | भी मिल सकते हैं |
| अनेकार्थ प्रकाश | रामायण मोटे अक्षरों की | विक्रम विलास |
| **पुराण व इतिहास** | तसवीर सहित | **वैद्यक** |
| श्रीमद्भागवत बारह स्कंध | कवितावली रामायण | वैद्यजीवन |
| मार्कण्डेयपुराण | रामायण गीतावली | शार्ङ्गधर भाषा टीका सहित |

## सूचीपत्र अक्षरों [illegible] क्रम से ॥

# अथ विनयपत्रिका

सटीक।

श्रीगणेशाय नमः

कवित्त। तुलसीप्रसादहिय उज्जलसी श्रीरामकृपासोई भवसागर के पुलसो है तसो है। जाकी कविताई ग्रंथपंथ तरंगा सम गङ्गा कीसो धारअङ्गनगमारसी है। परमअनमारतंड उर व्योम ज्यों काम क्रोध लोभ मोह तम निशि नशी है। वाही के प्रकाशमगन सुंह सोनताई अतिसुखदाई जियमेरे आयबसी है॥ १ ॥ दो० हैं तुलसी को गहिरहो जो चाहत विश्राम। बाहर भीतर सहजही होत अधिक अभिराम॥ १ ॥ तुलसिमालधारनकिए बाहर होतसुवेष। तुलसीकृत के गहतही अंतरभक्ति की रेख॥ २ ॥ कलिजीवन कल्याणहितभाषाललित ललाम। किये प्रबन्धवनाय जेहितेहिको करौं प्रणाम ३। प्रथम श्रीमद्रामायणग्रंथको संदर्भ सत्सङ्गविलास नाम कियो तहां श्रीगोस्वामी तुलसीदासजू के अनुग्रहते उनके किये ग्रंथनिको अर्थसय। कुंडिय किञ्चित बूझिपरयो श्रीविनयपत्रिका श्रीगोस्वामि को अंतग्रंथ है सर्वसिद्धान्तको निरूपण यह ग्रंथके विचारे तें प्रतीत होत है तहां यद्यपि ग्रंथ अत्यन्त कठिन है तथापि श्री गोस्वामी की कृपाको अवलम्बकरि यथामति कछु अर्थ लिखे हैं॥

मू०। गाइये गणपति जगवन्दन। शंकरसुअन भवानीनन्दन। सिद्धि
सदनगजवदन विनायक। कृपासिंधु सुन्दर सब लायक। मोदक
प्रियमुदमंगलदाता। विद्यावारिधिबुद्धिविधाता। मांगत
तुलसिदास करजोरे। बसहिं रामसिय मानसमोरे॥ १ ॥

टी०। गणपति शब्द ते ऐश्वर्य सूचत किये जगवन्दन पद करि जगत पूज्यत्व जनाए सुअन औ नन्दन दोनों पद पुत्रवाचक हैं तहां अर्थकी पुनरुक्ति देवेको आशय ऐसो है कि कोऊ की माता श्रेष्ठ होय है कोऊ को पिता इहां माता पिता दोऊ की श्रेष्ठता जनायवे निमित्त पुनरुक्ति पद दिये यहा शिवजी के पुत्र भवानी के नन्दन नाम आनन्दकर्त्ता यह हेतुतें कि श्रीगणेशजू को गर्भ

तें आविर्भाव नहीं है सर्व सिद्धिन्ह को रूप अर्थात् श्री गणपति कृपाव्यतिरेक काहूकोकोऊ सिद्धिकी प्राप्ति नहींहोती अगवन्दन पद ध्यान के अर्थ जानना विनायक नाम बिघनन्ह के स्वामी जो कोऊ जीवध्यान पूजन व्यतिरेक कार्य आरम्भ करैहैताको विघन के कर्त्ता यह भाव है कृपा के समुद्र अर्थात् शीघ्र दयालुहोवेको सुभाव जाको पूर्व गजवदन पद दिया ताते भयानक कोऊ बूझै यह निमित्त सुन्दर कहे सब लायक पदको यह भाव है कि केवल इह लोकको सुख ऐश्वर्यादिहीके दाता नहीं किन्तुयोगिन को परलोक सम्बन्धी सुखके भी दाता यह भाव है लड्डू है प्रिय जाको अर्थात् थोड़े पूजाकों प्रसन्न होवेको स्वभावजाकोमुदनाम अंतरंग आनन्द मंगल नाम बाह्य उत्सव विवाहादि के दाता अर्थात् लेना थोरा देना अनन्त सुख विद्या के समुद्र अर्थात् जो काहू को विद्या होय है सो इनहीं की कृपाकटाक्ष ते बुद्धि के विधाता नाम ब्रह्मा अर्थात् जाके अनुग्रहव्यतिरेकबुद्धिको प्रकाश नहीं होत ऐसे जो श्री गणपति तेहिते तुलसीदास अतिनम्रहो करि याचें हैं कि श्रीजानकी रघुनाथ जू मेरे अन्तःकर्णमें बसें याको यह भाव भयो कि भगवत उपासक को भगवत व्यतिरेक मोक्षपर्यन्त वासना नहीं होति यह भाव है ॥ १ ॥

प्रथम पदको व्याख्या अधिक भयो यह रीतितें सर्व पदन को अर्थ भाव कहते ग्रंथ बहुत विस्तार होयगो यह हेतु तें सुगम पदन को अर्थ तो न लिखेंगे जहां जहां कठिन पद हैं तथा अर्थ को काठिन्य है तेहका भावार्थ कहैंगे तथा जैसे संस्कृत को अन्वय उलटा करि होतहै तैसे अन्वय किये व्यतिरेक बहुत पदन को अर्थ नहीं स्पष्ट होत है एक हेतु जहां तहां नीचेते काहू कहूं मध्य ते अन्वय करि अर्थ लिखेंगे ॥ १ ॥

मू० । दीनदयालदिवाकरदेवा । करमुनिमनुजसुरासुरसेवा । हिम
तमकरिकेहरिकरमाली । दहनदोषदुखदुरितरुजाली । कोक
कोकनदलोकप्रकाशी । तेजप्रतापरूपरसराशी । सारथिपंगु
दिव्यरथगामी । हरिशंकरविधिमूरतिस्वामी । वेदपुराण
प्रगटजसजागै । तुलसीरामभक्तिवरमांगै ॥ २ ॥

टी० । दिनको करैसो दिवाकर अन्यत् स्पष्टहै हिमको पाला तमअंधकार सोई भयो करिनाम हस्ती तेहिके नाश करिबे को

सिंहवत् करनाम किरण तेहका जालनाम समूह जेहको सो कर कालोंदि एकहे कुष्टादि दुःख दारिद्र्यादि दुरितनाम पाप रजनाम है तिसकी नाम परंपरा अर्थात् समूह तेह सबको दहननाम जलावने वाले अग्नि रूप कोक नाम चक्रवाक कोकनद नाम कमल लोक नाम विश्व तेह तीनों को प्रकाश कर्ता अर्थात् श्रीसूर्य के उदय भये चक्रवाकको विरह छूटैहैं कमल विकास होयहै विश्व समस्त अपने अपने कर्म सों प्रवृत्त होतहैं तेजनाम प्रकाश प्रताप नाम और को तापभासित होय रूपनाम शोभा रसनाम औषधि अन्नजलादि जेह सूर्यकी किरण द्वारा सबको उदय होतहै अतएव रसादि पूर्वोक्त को रासियुत जो श्रीसूर्य शब्दार्थ सुलभहै चिदेय स्वरूपकारि कहे शब्दार्थ स्पष्ट है उपासक के हृदयको सिद्धान्त पूर्व पदके अर्थ को कहे सो यहां भी है ॥ २ ॥

सू० । को याचिये शंभु तजि आन । दीनदयाल भक्तआरतिहर सब
प्रकार समरथ भगवान । कालकूटज्वर जरत सुरासुर निजपन
लागि किये विषपान । दारुन दनुज जगत दुख दायक मारयो
त्रिपुर एकहीबान । जो गति अगम महामुनि दुरलभ कहत
संतश्रुतिसकलपुरान । सो गति मरनकाल अपनेपुर देत
सदाशिव सबहिं समान । सेवतसुलभउदार कल्पतरु पारबती
पतिपरमसुजान । देहु काम रिपु राम चरन रति तुलसिदास
कहँ कृपानिधान ॥ ३ ॥

टी० । आर्तिनाशक शिव अन्यत् स्पष्ट है समुद्रमथन ते कालकूट विष निकस्यौ तेहका ज्वरनाम ज्वाला अर्थात् तेज तेहकरि देवता राक्षस सब जरतरहे निजपननाम शरणागत भक्तवत्सल इत्यादि विरदावली सोई है पनज कोलागि नाम तेहपनके रखवेके निमित्त विषको पान किये यह कर्तव्यताते सर्वोत्कृष्ट ऐश्वर्यतया अतिकृपालुता जनाए दारुणनाम कठिन दनुज नाम दनुको पुंच त्रिपुर है नामजाको अन्यत् शब्दार्थ स्पष्ट है यह कर्तव्य ताते शरणागत रक्षण धर्म जनाये समानन नाम सबको तुल्यगतिदाता अन्यत् स्पष्ट है यह कर्तव्यताते दुर्लभपदार्थको दातृत्व जनाये सेवतसुलभ अर्थात् और देवके आराधनसों सामग्री विशेष चाहिये इहां धतूरा बेल पत्र आदि संपादन सों कौड़ी भीन लगै सोई है पूजन की सामग्री को की उदारता कल्पतरुवत् अर्थात् वांछितरूप फलदाता पार्वतीपति

कहिबे को यह भाव है कि जगत को कारण आद्याशक्ति ताहूके पति अर्थात् सबके कारण भूत परमसुजान नाम अन्तर्यामी ह्वै करि सबके हृदय के ज्ञाता प्रार्थना पूर्ववत् ॥ ३ ॥

मू० । दानीकहुं शंकरसे नाहीं । दीनदयाल दिबोईभावै याचक सदासोहाहीं । मारिकैमारथप्यौजगमें ताकीप्रथमरेखभट नाहीं । ताठाकुरको रीझिनिवाजिबो कह्यौ क्योंपरतमोंपाहीं । योगकोटिकरिजोगतिहरसोंमुनिमांगतसकुचाहीं । वेदविदिततेहिपदपुरारिपुरकीटपतंगसमाहीं । ईशउदार उमापति परिहरि अनतजेयाचनजाहीं । तुलसिदासते मूढ़मांगने कबहुं न पेट अघाहीं ॥ ४ ॥

टी० । दीबोई भावै याको यह भाव है कि जो कोऊ दान देहै सो अपने यशके अर्थ कल्याण निमित्त इहां प्रयोजन कछुनहीं तथापि जैसे अन्न पानादि स्वाभाविक जीवकोप्रियहै तैसे देनोई है प्रियजाको तथायाचक कोऊ काऊको प्रिय नहीं लगेहैंइहां याचक अत्यन्त प्रिय है जाको यहं तें औरन ते विलक्षण दातत्व जनाए अन्यत् स्पष्ट हैं मारिके मार नाम कामदेव समाधि को भंगकिये ऐसोबड़ो अपराध बूझिकरि जनलाये अर्थात् मारिडारे थप्यौ जगमें नामरतिके रोदनको देखि कृपाकरि जीवनदै जगत मो स्थापित किए तेहकामदेवको प्रथम रेखनाम पहिले गिनती है भटमाहीं नाम योद्धनके मध्य मो इहांभट शब्दतें सामान्यवीरनकी गिनती नहीं है जगतके जीतिबेको सामर्थ्य जेहको ऐसे जो काम क्रोध लोभ मोह अर्थात् पहिले काम पश्चात् क्रोधादि गिने जातहैं याको एकभाव भयो कि ऐसे अपराधी को क्रोध करि नष्टकिये स्त्रीके ऊपर करुणाकरि फेरस्थित कियेयहजाकी दिग्विजयकह्योंमध्यमो पहिलेरेखहै सोठाकुरजेहजीवकोरीझिकरि निवाजतोको सामर्थ्य ऐश्वर्यमोपै क्योंकरि कह्यौपरेअर्थात् वचन की शक्ति नहीं जो कहिसकै तेहिपद नाम मोक्ष पद विषै समाहीं नाम सर्वजीव तुल्यप्रवेश करै हैं अन्यत् स्पष्टहै कबहुं न पेट अघाहीं नाम सर्वथा याचकबने रहतहैं अर्थात् प्रिय विमुखी को याचना नहीं छुटत यह भाव है ॥ ४ ॥

मू० । बावरोरावरोनाहभवानी । दानिबड़ोदिनदेतदयेबिनु बेद बड़ाईभानी । निजघरकीवरबातविलोकहु हो तुमपरम

सयानी। शिवकी दई संपदा देखत श्रीशारदा सिहानी। जिनके
भाललिखी लिपि मेरी सुखकी नहीं निशानी। तिन्ह रंकनिको
नाक संवारत हौं आयो नकबानी। दुखी दीनता दुखियनके दुख
याचकता अकुलानी। यह अधिकार सौंपिये औरहि भीख भली
मैं जानी। प्रेम प्रशंसा विनय व्यंगयुत सुनि विधिकी वर बानी।
तुलसी मुदित महेश मनहिं मन जगतमातु मुसुकानी ॥ ५ ॥

टी०। एक समयमें श्रीब्रह्माजू कैलाशको गये शिवजूके साथ पार्वतीजू बैठीहैं तहां ब्रह्माजू श्रीमहारानी ते बोलतभये कि हे भवानी तुम्हारो नाह नाम स्वामी बावरो अर्थात् बौड़हा है चेत यह कहौकि तुमकौन लक्षण बौड़हेको देखेतेह पर अगिले तुकतें लक्षण जनावैहैं यद्यपि दानीबड़ो परिदिन देतदये बिननाम रोजर याचकके दिये व्यतिरेक अर्थात् याचक जौबपूजा परिचर्या यावत् न करै तावत् देवेको स्वभाव जाको याको यह भावभयोकि सर्वदेव-गण कर्मानुसारि फल देतहैं तिनते विलक्षण शिवजू याचकके मनसुख होते याचना निवृत्ति करतहैं तहां चेत ऐसो कहौ कि उदारता तो महान गुणहै आपबौड़हा कैसेकहै तेहपर कहै हैं वेदबड़ाई-भानी नाम वेदको ऐसो मर्य्यादहै किजो जैसो कर्मकरै ताको तैसो फलहोतहै कर्मकिये व्यतिरेक काहूको फलकी प्राप्ति नहीं होती ऐसी जो वेदकी बड़ाई ताको भानी नाम भंगकिये अर्थात् नष्टकरि दियेतो वेदके मर्य्यादको उल्लंघनकरनो यह बौड़हेको लक्षणहै अपने तथा इतो लक्षण अपनेघरकी येष्ट बात देखो कौन येष्ट बात सो नहीं कहैं यह हेतुते कि तुम परम चतुर हो अपनेही में आपै बूझो याको यह भाव भयो कि लोकमें यह बात प्रसिद्ध है कि जेतना ओढ़ना तेतनो पांव पसारनो तहां तुम्हारे घरमें धतूरा औ राख इतनो संपति है बर बातपदको यह व्यंग है जेहि शिवके घरमें राखधतूरा मात्र संपति सो एक कोऊ याचकके दई जो संपति ताको देवता लक्ष्मी सरस्वती सिहाति हैं लक्ष्मी तो एह सिहाति है कि जो संपति एक याचकको दिये सो ऐश्वर्य हमसे नहीं है और सरस्वती सिहाति है कि शिव की दई जो ऐश्वर्य तेहको कहिकरि पार हम नहीं पावैहैं याको यह भाव भयो कि घरमें भूजी भांग नहीं औ देना तीनों लोक को ऐश्वर्य एह बुद्धिमानको काम नहीं है एह हेतुतें तुम्हारो स्वामी बावरो है चेत यह कहो कि औरको दोषकहनो बड़नको धर्म

नहीं है तेहि पर अगिले तुक से दोष कहिबे को हेतु बनावत हैं जिनके ललाटको मेरी लिखी लिपि नाम पाती तामें सुखकी निशानी चाहलेश जू नहीं तिनहीं दरिद्रन्ह के निमित्त नाक नाम स्वर्ग बनाते २ हौं आयो नकबानी नाम हमारे नाकन पर दम आयो याको यह भाव भयो कि जाके ललाट को हम सर्वथा दुख लिखे ताको ए तुम्हारो बावरो स्वर्ग सुख देत हैं तेहके निमित्त सो का स्वर्ग बनावनो परै है तो अपने हाथको लिखो आप मिटावनो यह महात्म्य को बड़ो क्षोभ है फेर दूसरो दुख अगिले तुकनें बनावे हैं दुखी दीनता नाम दुखी जीवन्ह को पौरुष हीनता दुखियन्ह को दुख नाम तिन्हीं दुखी जीवन के आधि व्याधिरूप दुख औ याचकता ये सब अकुलानी नाम व्याकुल ह्वै उठे । दुख दूनो दुख जो पाठ होय तौ यह अर्थ है कि दीनता जो दैन्य भाव अरु दुख जो नाना भांति के लोभ सो इनके दुख नाम इन शिवजू की कातर्यता तें दुखी भये अरु याचकता तो विशेष व्याकुल भई यह अर्थ जो वह पाठ है दुखी दीनता दुखियनके दुखयाचकता अकुलानी अर्थात शिवके दातव्यते जगत को यह रहने नहीं पावते याको यह भाव भयो कि मेरे बनाए ए सब हैं सो निकाले जात हैं यह केतो दूसरो दुख है ताते अथवह कहे हैं एक ब्रह्मत्व रूपी अधिकार औरको सौंपहु यह ते भीख मांगिकरि जीवनो भल, भलोकै नेहैं प्रेम प्रशंसा विनय व्यंगयुत नाम मिश्रित जो ब्रह्मा की श्रेष्ठ बानी ताको सुनिकरि शिवजू तो मनहीं मन हसे पार्वती जू स्पष्ट हंसतिभई यह जो ध्यान है सो श्रोतावक्ता को मंगल विस्तार करो अन्तपद विषे प्रेम प्रशंसा विनय व्यंग यह जो चारि पद दिए सो प्रेम तो सब वचन सो मिश्रित है काहे कि प्रेम व्यतिरेक पूर्वोक्त बानी को कथन नहीं संभवे औ प्रशंसा यो बावरो नियानो तथा यह अधिकार सौंपिए औ रही इत्यादि वचन सो स्पष्ट है विनय तो अपनो ब्रह्मत्व को अधिकार शिवजू के अधीन कराए तथा भीखभली मैं जानी इत्यादि पदकरि जनाये औ व्यंगको यह अर्थ है कि स्पष्ट पदके अर्थ ते जो भासे तेहतें विपर्यय आशय जोह को धुनिकरिके फलित होय ताको व्यंग वचन कहत हैं सो स्पष्टार्थ विषे बौरहा कहे अर्थके आशय ते सब श्रेष्ठता उदारता तथा ऐश्वर्य प्रतिपादन किये याते व्यंग फलित भयो यह अर्थहै ५ ॥

मू । मांगिये गिरिजापतिकाशी । जासुभवनअणिमादिकदासी । औ-

ढरदानिद्रवतपुनिथोरे।सकतनदेखिदीनकरजोरे।सुखसंपति मतिसुगतिसुहाई। सकलसुलभशंकरसेवकाई। गयेजेशरण आरतिकेलीन्हे। निरखिनिहालनिमिषमहं कीन्हे। तुलसि दासयाचकयशगावै। विमलभक्तिरघुपतिकीपावै॥ ६॥

टी०। इहां पति शब्द देहरी दीपक न्याय है जैसे चौखट को चिराग भीतर बाहर प्रकाश करत है तथापति शब्दको गिरिजाऔ काशी दोनों पदमें योजना है अणिमादिक नाम अणिमा गरिमा महिमा लघिमा प्राप्ति प्राकाम्य ईशित्व वशित्व अक्षरार्थ स्पष्ट है औढरदानि नाम वेदमार्ग तें अन्यथा जो कर्म ताहू के कर्त्ता को दान देवे को स्वभाव जाको पुराण प्रसिद्ध इतिहासहै कि कोऊ एक व्याधा रात्रि में व्याघ्रादि के भय तें पेड़पर चढ़ि रह्यो वा पेड़ के जरिमें कोऊ एक शिवजू को लिंग रह्यो वह व्याधा अन जानते ऊपर तें लघुशंका कियो ताको प्रसन्न होकर बरदान देत भये इत्यादि अनेक इतिहास पुराणादिकमें प्रसिद्ध है द्रवतपुनि थोरे नाम बेलपत्र अक्षतते दयालु होवे को स्वभाव जाको दीन जीव को हाथ जोरे नहीं देखि सकते अर्थात् हाथ जोरने भावते वांछित अर्थ के दाता यह भाव है अक्षरार्थ स्पष्ट है सुलभ पदको यह भाव है कि प्रयास रहित सुखादि प्राप्त होत है आरति के लीन्हे नाम लोभ हरि करिवे के निमित्त अन्यत स्पष्ट है प्रार्थना पूर्ववत्॥ ६॥

मू०। मोसनदीनपरद्रवहुउमावर। दारुणविपतिहरणकरुणाकर।
वेदपुराणकहतउदारहर। हमरिबेरिकाभयउकृपिनतर।
कवनभक्तिकीनीगुननिधिद्विज। ह्वैप्रसन्नदीन्हेउशिवपदनिज।
जोगतिअगममहामुनिगावहिं। तुअपुरकीटपतंगहुपावहिं।
देहुकामरिपुरामचरणरति। तुलसिदासप्रभुहरहुभेदमति॥

टी० हे उमावर दारुण नाम कठिन ऐसी जो विपत्ति ताके हरण कर्त्ता करुणाके आकर नाम खानि याको यह भावभयो कि जो आप सबके विपति हराये और कृपालु हो तो मेरे ऊपर क्यों नहीं कृपा करते तर नाम अतिशय अन्यत् स्पष्ट है इतिहास पुराण प्रसिद्ध है कि गुणनिधि नाम ब्राह्मण रह्यो सो शिवरात्रि के दिन शिव मन्दिर में प्रवेश करि शिवजीको भूषनादि जो रह्यो वाको चोराय लै चल्यो शिवजू के पुजारी सब वाको मारो दैवबस शरीर छूटिगयो ताको शिवलोक भयो तहां गोसाईं कहेहैं ऐसेहु कर्मकर्ताको आप अपनो

धाम दिये तब मेरे ऊपर कृपा क्यों नहीं करते अति कृपण भये हो सो नचहिये अति उदारता जनावत हैं शब्दार्थ स्पष्ट है हे कामदेवके शत्रु भगवत् चरण कमलमें प्रीति देव तेइ प्रीतिके स्थिर होवे निमित्त फेर जाचे हैं कि हे प्रभू भेद बुद्धि दूर करो परमेश्वरतें अतिरिक्त जो देवादिक तासों सत्य बुद्धि सो भेदबुद्धि यह अर्थ है ॥ ७ ॥

मू॰। देवबड़ेदाताबड़ेशङ्करबड़ेभोरे। कियेदूरिदुखसबनिकेजिन्हकर
जोरे। सेवासुमिरनपूजिबोपातआखतथोरे। दियोजगतजहं
लगिसबैसुखगजरथघोरे। गांवबसतबामदेवमैंकबहुंननिहोरे।
अधिभवतिकबाधाभईतेकिंकरतोरे। बेगिबोलिबलिबरजिये
करतूतिकठोरे। तुलसीदलिरूंध्योचहैंसठसाखसहोरे ॥ ८ ॥

टी॰। भोरे नाम भोले लोकोक्ति प्रसिद्ध है अन्यत स्पष्ट है पूर्व पद सों शिवजूको भोले कहे तेहका लक्षण जनावत हैं आख मात्र सेवा जाको पात नाम बेलपत्र आखत जो अक्षत थोड़ो सोई है पूजा जाकी अक्षरार्थ स्पष्ट है याको यह भावभयो कि लेनो अल्पपात ताके बदले मों देनो त्रैलोक्य को ऐश्वर्य्य य होतें भोला कह्यो यह भाव है हे बामदेव तुम्हारो गांव जो काशी तामें सर्वथा बसत हैं पै कबहूं आप को निहोरे नहीं अर्थात् कबहूं कछु जाचे नहीं अब कछु जाचे हैं सो अगिले तुकते कहत हैं अधिभवतिक बाधा नाम भूतन करिके जो पीड़ा इहां भूतशब्दतें कामक्रोधादिको कहे हैं तौन सब जो भूत सो आपके किंकर है नाम आज्ञाके आधीन हैं ते सब भूतनको शीघ्रही बोलाय करि आप मना करो काहे कि कठोर करनी करै हैं कवन कठोर करनी सो अगिले तुकमें कहै हैं तुलसी को दलि नाम उखाड़ि करि वे सब शठशाख नाम डार सहोरे नाम सिहोरको रूंध्यो चहैं नाम रोपवे को चाहै हैं याको यह भावभयो कि तुलसीरूप ज्ञान वैराग्य क्षमा करुणादि को दूरि करि स्त्री पुत्रादि. बिषयक जो मलीन बासना सोई सिहोड़ को डारभयो ताको हृदयमें स्थितकियो चाहें है यह अर्थ है ८॥

मू॰। शिवशिवह्वै प्रसन्नकरुदाया। करुणामय उदारकीरतिबलि
जाउं हरहु निजमाया। जलजनयनगुण अयनमयन रिपुम
हिमाजाननकोई। बिनुतवकृपारामपदपंकज सपनेहु भक्ति
नहोई। ऋषिसिद्धिमुनिमनुज सुरअपरदीव जगमाहीं।
तवपदबिमुखन पारपावकोउ कल्पकोटिचलिजाहीं। अहि

भूषनदूषणरिपुसेवक देवदेवत्रिपुरारी । मोहनिहारदिवा-
करशंकरशरणशोक भयहारी । गिरिजामनमानस मराल
काशीशमसाननिवासी । तुलसिदास हरिचरण कमलवर-
देहुभक्तिअविनाशी ॥ ९ ॥

टी० । शिवशिव दोबार आदरके निमित्तकहे करुणामयनाम करुणाके स्वरूप निजमाया नाम आत्मा जो सांच तेहमो मिथ्या बुद्धि । औदेह जो मिथ्या तामो सत्यबुद्धि । यही मायाको स्वरूपहै अन्यत्स्पष्टहै । जलजनयननाम कमल समाननेत्र । गुणअयन नाम गुणके गृह । मयनरिपु नाम कामदेवके शत्रु । यहतीनोपद संबोधनहैं अन्यत्स्पष्टहै अहिनामसर्पहै भूषणनाम कुण्डलमाला जाको दूषणनाम राक्षस तेहके रिपु श्री रामजू ताके सेवकदेव देवनाम अन्यदेवतन को देवता अर्थात् पूज्य त्रिपुर नाम जो असुर तेहिके अरिनाम शत्रु मोहजो अज्ञान सोई निहार नामकुहेश तेहिकेनाश करबेको सूर्यशङ्कर नाम कल्याणके कर्ताजो जीवशरण होयताके शोक भयके दूरकर्त्ता.पार्वतीजूको मनसोई मानसरोवर तेहमो विहार करबेको हंसरूप काशीशनाम काशीके ईशअर्थातस्वामी मसान जो मृतकके जलबेको स्थानतहांके निवासकर्ता यहविशेषणतें अतिईश्वरता जनायेकि अतिमङ्गल जो प्रेतस्थानसो शिवजू के ध्यानसम्बन्ध करि जीवन्ह को मंगलदायक होतहै यह भावहै पूर्वोक्त ऐश्वर्य विशिष्ट जो आपसो भगवत चरणकमल विषे नाश रहित जो भक्तिसो वरदानमोको देव यह अन्वयहै अन्तकेतुकको अन्वय टेढोहै यह निमित्त अन्वयकरि अर्थ लिखे ॥ ९ ॥

मू० । देव मोहतमतरणिहररुद्रशङ्करशरण हरणममशोकलोका-
भिरामम् । बालशशिभालसुविशाललोचनकमलकामशतको-
टिलावण्यधामम् । कंबुकुंदेंदुकर्पूरविग्रहरुचिर तरुणरवि
कोटितनतेजभ्राजै । भस्मसर्वाङ्गअर्धाङ्गशैलात्मजाव्यालनृकपा
लमालाविराजै । मौलिसंकुलजटामुकुटविद्युत्छटातटिनि
वरवारिहरिचरणपूतम । श्रवणकुण्डलगरलकंठकरुणाकंद
सच्चिदानंदवंदेवधूतम् । शूलशायकपिनाकासिकरशत्रुवन
दहनइवधूमध्वजवृषभयानं । व्याघ्रगजचर्मपरिधानविज्ञान
घन सिद्धसुरमुनिमनुज सेव्यमानं । तांडवीनृत्यपरडमरुडिं-
डिमप्रवर अशुभइवभांति कल्याणराशी । महाकल्पान्त

ब्रह्माण्डभण्डखण्डनभवन कैलाशआसीनकाशी । अजसर्वज्ञ
यज्ञ श अच्युतविभोविश्वभवदंशसंभवपुरारी । ब्रह्मेन्द्रचन्द्रार्क
वरुणाग्निवसुमरुतयमअर्चि भवदंघ्रिसर्वाधिकारी । अकल
निरुपाधिनिर्गुणनिरंजनब्रह्मकर्मपथमेकमज निर्विकारम् ।
अखिलविग्रहउग्ररूप शिवभूपसुरसर्वगतसर्वसर्वोपकारम् ।
ज्ञानवैराग्य धनधर्मकैवल्यसुखसुभग सौभाग्य शिवसानुकूलम् । तदपिनरमूढ़ आरूढ़संसारपथभ्रमतभवविमुख तव
पादमूलम् । नष्टमतिदुष्ट अतिकष्टरतखेदगत दासतुलसी
शंभुशरणआया । देहिकामारि श्रीरामपद पङ्कजेभक्तिअन
वरतगत भेदमाया ॥ १० ॥

टी० । देवपद जहां आवै तहां संबोधनहै । मोहजो है सोई
भयो अन्धकारताको तरणिनाम नाशकरबेको सूर्य ऐसो जो हर
कहे पापहर्त्तारुद्रकहे पापनको भयानकरूप । शंकरनामकल्याणकार
नामकर्त्ता । शरणनाम शरणागत जीवको तथा हमारे शोकके हरन
हार समस्त लोक में अभिराम नाम रमणीय । बालशशि नाम
दुतियाके चन्द्रमा ललाटविषें जाके । सु नाम सुन्दर बड़ो नेत्रकमल
जाको सत कोटिकामदेवको लावण्य नामशोभा ताको धाम नाम
गृह । कंबुनामशंख । कुन्दपुष्प । इन्दु नाम चन्द्रमा । कर्पूर समान
विग्रह नाम शरीर । रुचिर नाम सुन्दर जाको तहां एकौ उपमा
करिके प्रयोजन सिद्ध होतहै चारि उपमाको प्रयोजन कवनसो
कहैहैं । शंखको चिक्कनता औ उज्ज्वलता दोगुण चंन्द्रमाको आह्लाद-
कता कुन्दकेफूलको विकासकपूरको सुगन्धयहभिन्न २ गुणलैकरि
चारों उपमा दियो । तरुण रविनाम दोपहरके सूर्य सो कोटिसूर्य
को तेजनामप्रकाश शरीरविषै सोभैहै जाके विभूतिलगी सबअङ्गमें
जाके आधेअंगविषे हिमालयकी पुत्रीपार्वतीजू बैठी हैं सर्प औ व्य
नामनुष्यताको कपालनाम खोपड़ितेहकामाला विराजैहै जाको
मौलिनाममस्तकविषे शंकुलनाम संकीर्ण अर्थात् घनजटाकोमुकुट
तामे विद्युत्नामबिजुलीताको छटानामदीप्तिअर्थात् चमक जामे
एहते जटाको पीतवर्ण जनायेतेहजटामे तटिनिनाम जो श्रीगं-
गाजूताको श्रेष्ठ जो जलकोप्रवाह सो जल श्रीभगवान्के चरणके
संबंधते पूतंनाम अतिपवित्र शोभैहै जेहजटामे कान मे सांपका
कुण्डल कण्ठमे विष अर्थात् कालकूट को पान कियेसो विषकरि

श्यामता कंठ विषे जाके करुणा जो दया ताकी कंद नाम जड़ अर्थात् करुणाके मूर्त्ति सतचित् आनन्द स्वरूप अवधूत नाम नग्न रहत हैं औ लग्यो है शरीर विषे भस्म जाके ऐसो जो अवधूत बेष ताको हम बंदन करे हैं त्रिशूल बाण पिनाक नाम धन्वा असि जो तरवार सो हाथ जो जाके भक्तन्ह के जो शत्रु सो भये बन तेह को दहन नाम जरावने वाले धूमध्वज इवनाम धुवां है चीन विशेषाको ऐसो जो अग्नि अर्थात् बनको जैसे अग्नि जरावै है तैसे भक्तन के शत्रु को आप नाशकरो हौ वृषभ जो नंदी सोई है यानयाम सवारी जाको व्याघ्र औ हाथीको जो चामसोई परि-धान नामवस्त्र जाको विज्ञान घननाम निविड़ जो बिज्ञान सोई है मूर्त्ति जाको सिद्धादि करि सेव्यमान नाम सेवा करवे योग्य तांडवो जो नृत्य तामें पर नाम तत्पर डमरू जो बाजा ताको डिमडिम शब्द सो प्रचरनाम घोष होत है अशुभ इव नाम अमं-गलकी नाईं भातिनाम शोभत हैं पर कल्याण के राशि अर्थात् बेष अमंगलहै पर जो जीव ध्यानकरे ताको सर्ब मंगल के दाता महा कल्पांत जो महाप्रलय तामें समस्त ब्रह्माण्डको जो मंडल ताको दवननाम नाशकर्ता गृहकैलाश जाको आलीन काशी नाम बैठ्यो है काशीमें जो तज्ञनाम तत्व के ज्ञाता सर्बज्ञ नाम सर्ब के ज्ञाता यज्ञेश नाम यज्ञन के स्वामी अच्युत नाम कबहीं च्युत नहीं बिभोनाम समर्थसमस्त जो बिश्वनाम संसारसो भवत नाम तुम्हारो जो अंशतेहते संभवनाम उत्पत्ति है हे पुरारी नामहे त्रिपुर के शत्रु ब्रह्मा इंद्र चंद्रमा अर्कनाम सूर्य बरुण अग्नि आठों बसु उनचास वायु यम यह सब जो विश्वके कारण सो अर्चिनाम पूजन करिके भवतानाम आपके अंघ्रि नाम चरण को सर्बाधिकारी नाम सो सब अपने अपने अधिकार को पाये हैं अर्थात् सबको अधिकारके दाता कलाकरि रहित अर्थात् सर्बथा पूर्णरूप उपाधि करिरहित अर्थात् शुद्धस्वरूप रजोगुण तमोगुण सत्वगुण तेहतें रहित अर्थात् गुणन्हते परे निरंजन नाम मायाते रहितब्रह्मनाम अद्वैतज्ञान कर्मपथनाम कर्मकोजो मार्गतेह दोऊ को एकनाम मुख्य ज्ञाता पदको अध्याहार है अर्थात् ऊपर ते योजना करना अज नाम जन्मरहित अर्थात् सर्ब काल एक रस निर्बिकार नाम बिकार करिरहित अर्थात् कोई बिकार जाको

स्पर्श न करै है अखिलविग्रह नाम समस्त ब्रह्माण्डहै शरीर जाको उग्र रूपनाम तेजयुक्त रूपजाको ऐसो जो शिव भूपसुर नामदेव-तन्ह के राजा सर्व भूतविषे प्राप्त सर्व नाम सब रूप आपै भयेहैं सब जीवके उपकार कर्त्ताज्ञान नाम सर्व वस्तुको भगवतरूपदेखनो बैराग्य नाम यह लोक तथा स्वर्गादि के विषे सुख बासना ताको त्याग धन जो ऐश्वर्यादि धर्मनाम वर्णाश्रमको बेदबिदित कर्म कैवल्य नाममोक्षसुख नाम जौन बस्तुजाको प्राप्तहोय तेहके भोग-किये सो जो तृप्ति होति है सुभग नाम सुन्दरता सौभाग्यनाम सुन्दरभाग्य जेहते दुःखकी निवृत्ति सुखप्राप्त होतहै यहपूर्वोक्त जो सब कहे सोशिव सानुकूलं नामशिवके सानुकूलभये जीवको मिलत है तदपि मूढ़ जो मनुष्यसो संसार मार्गमोआरूढ़ होकर भ्रमत नाम जन्ममरण को प्राप्त होत है भवनाम हे शिव तुम्हारे पाद मूलतें बिमुख होकर नष्टहै मतिजाकी अतिदुष्ट हृदयजाको कष्ट विषे रतनाम युक्तखेद है गत नाम प्राप्त जाको। ऐसे जो दास तुलसी सो आपके शरण आयो है। तकों हे कामारि श्रीराम चरणकमलां विषेभक्ति जो संसार को हरनेवाली गतभेद माया नाम नष्टभईहै भेदबुद्धि। अर्थात् विषमबुद्धि तथा माया जो विप-रीत बुद्धि जेह भक्ति विषे ऐसी जो भक्ति सो देहिनाम हमको देव यह अर्थ है॥ १०॥

मू०। देवभीषणाकारभैरवभयंकर भूत प्रेत प्रमथाधिपतिबिपति हर्त्ता। मोहमूषकमार्ज्जारसंसारभय हरण तारणतरण अभयकर्त्ता॥ अतुलबलबिपुलविस्तारविग्रहगौर अमलअति धवलधरणीधराभम्। शिरसिसंकुलितकालकूट पिंगलजटा पटलशतकोटिविद्युत्छटाभम्। भ्राजविबुधापगाआपपावन परममौलिमालेवशोभाविचित्रम्। ललितल्लाटपरराजर-जनीशकल कलाधरनौमिहर धनदमित्रम्। इंदुपावकभानु नयनमर्दनमयनज्ञानगुणअयनविज्ञानरूपम्। रवनगिरिजा भवनभूधराधिपसदाश्रवणकुण्डलवदनछविअनूपम्। चर्म असिशूलधर डमरुशायकचापयानवृषभेशकरुणानिधानम्। जरतसुरअसुरनरलोकशोकाकुलंम्टदुलचित अजितकृतगर-लपानम्। भस्मतनभूषनव्याघ्रचर्म्माम्बरं उरगनरमौलिमा-लौरधारी। डाकिनीशाकिनी खेचरंभूचरं जंत्रमंत्रभंजन

प्रबलकल्मषारी । कालअति कालकलिकाल व्यालादिखग त्रिपुरमर्द्दन भीमकर्मभारी । सकललोकान्तकल्पांतशूलाग्र हतदिग्गज।व्यक्तगुणनृत्यकारी । पापसन्तापघनघोर संसृत दीन भ्रमतजगयोनिनहिं कोपित्राता । पाहिभैरवरूपराम रूपी रुद्रबन्धुगुरजनकजननीबिधाता । यस्यगुणगण गणति बिमलमति शारदानिगमनारद प्रमुखब्रह्मचारी । शेषसर्वेश आसीन आनन्दबनप्रणततुलसीदास त्रासहारी ॥ ११ ॥

टी० । भैरवरूप शिवजूको बरणनकरेहैं भीषमनाम भयानकहै आकार जाको ऐसे।जो भैरवभयके करनेवाले अर्थात् काशीविषे कर्म अनुहारी जीवन्हको कोल्हू मे डारि करि दण्डकर्त्ता भूत प्रेत प्रमथ यक्ष सब जो गन ताके अधिपतिनाम स्वामी औभक्तन्ह के बिपति के नाश कर्त्ता मोह जो अज्ञान सो भयो मूषक नाम मूस ताके नाशकरबेको मार्जार नाम बिलाव संसार भयके दूरि कर्त्ता तारण नाम संसारतें पारकर्त्ता तारण नाम आप पाररूप नहीं प्रमाणकरबे योग्य बलजाको। बहुत है बिस्तार विग्रहनामशरीर जाको सोई शरीर गौर तथा निर्मल अत्यन्त धवल नाम उज्वल जो धरनीधराभंनाम पृथ्वीको धारणकर्त्ताजो कैलाशतैसो आभा है शरीर को अर्थात् कैलाश पर्वत समान रङ्ग है शरीरको शिर विषे संकीर्णकल नाम सुन्दर जूटनाम जूड़ानाम जूड़ापीत बरण जटापटल नाम समूहतेह जटाविषैं सो कोटि बिजुली की आभा नाम दीप्ति छटानाम शोभाहै भ्राज नाम शोभतिहै विबुध नाम देवता आपगानाम;नदी अर्थात् देवनदी जो श्रीगंगाजू आपनाम जल परम पवित्र जाको सो मस्तक विषैं मालेव नाम माला की नाईं जटा मे आश्चर्य शोभाहै सुन्दरजो ललाट तेहपर सोभतहै रजनीजोरात्रि तेहकेईशनामस्वामीकलनाम कलाअर्थात् द्वितीया के चन्द्रमाके कलाको धारणकिये हरनाम जो शिवरूप धनद जो कुबेर तेहके मित्रतेहको नौमिनाम हम नमस्कार करैंहैं चन्द्रमा अग्नि सूर्यतीनो हैं नेत्रजाके ज्ञान जो शास्त्रतें उत्पन्न क्षमा करुणादि और जो गुणताको रहबे को गृहरूप विज्ञान जो अनुभव ताके स्वरूप भूधराधिनाम कैलाश अन्यत्स्पष्टहै कालकूट के विष तें जरतजो देवादितेहि तापको जो शोकतेहते अकुलनामव्याकुल अतिकोमल चित्तजो शिवजूसो अजितनाम काहूके जीतबे योग्य

नाहीं जो गरलनाम विषताको हतपान नामपानकरतभये यहतें अतिकृपालुता तथा शरणागत रक्षकत्व जनायें भयाहै शरीरविषे भूषण जाको व्याघ्रको जो चामसोई अंबर नाम वस्त्र जाको सांप को मनुष्य को जो मस्तक ताको मालाउर जो छाती तेहि बिषे धारणकिये डाकिनी शाकिनी जोगिन तथा खेचर नाम आकाश के चलनेवाले भूचरनामभूमिके चलनेवाले जो भूतगण तथा नाश करनेवाले जो जंत्र मंत्रतेहि सबको भञ्जननाम नाशकर्ता प्रबल जो कल्मषनाम पाप तेहिके शत्रु काल अतिकाल नाम कालहू को कालरूपफेरि कलिकाल जो सो भयो सर्प्प ताको अदनाम भक्षण कर्ता खगपती अर्थात् गरुड़रूप त्रिपुरके नाश कर्ता भयानक है भारीकर्म जेहिका समस्तजो लोकताको अन्तनाम नाशकल्पांत नाम महाप्रलय ताको त्रिशूल को जो अग्र नाम नोक तेहि पर हृतनाम छेद्यौ है दिग्गज नाम दिशा के हाथिन को जाने अव्यक्त गुणनाम नहीं है प्रगटगुण जाको अर्थात् निर्गुणपर्वोक्त स्वरूपको धारणकरि महाप्रलय मे नाश करनेवाले पाप जो निषेध कर्म संताप नाम क्लेशसे घननाम निविड़ घोरनाम भयानक ऐसो जो संसृति नाम संसारको प्रवाहरूप जगतविषे नाना योनितासे दीर्ण होकरि भ्रमत जो हमताको कोपि नाम कोऊ चातानाम रक्षकनहीं है पाहिनाम पालनकरो हेभैरवरूप हेरामरूपी रुद्र आपै हो भाई गुरु पिता माता विधाता नाम सबको विधान कर्ता येहिके गुणकों गणतिनाम कहति हैं निर्मलमति करिके सरस्वती बेद नारद प्रमुखनाम आदि लैकरि और जो ब्रह्मचारी सब तथा शेषनाग यह सब जाके गुणको कहिरहे हैं ऐसो सर्वज्ञ नाम सबके ईश जो आप आसीननाम बैठे हौ आनन्दवन काशी विषें जो सो प्रणतनाम प्रणाम करता जो तुलसीदास ताके त्रास को हरणकरो हे स्वामी ॥ ११ ॥

मू०। सदाशङ्करंशंप्रदंसज्जनानंददंहैमकान्यावरंपरमरम्यम्।काम
मदमोचनन्तामरसलोचनंवामदेवंभजेभावगम्यम्।कंबु कुंदेंदु
कर्पूरगौरंशिवंसुन्दरंसच्चिदानन्दकन्दम्। सिद्ध सनकादि
योगीन्द्रवृन्दारका विष्णु विधिवंद्यचरणारविंदम्। ब्रह्मकुल
वल्लभं सुलभमतिदुर्लभं विकटवेषं विभुं वेदपारम्। नौमि
करुणाकरं। गरलगंगाधरंनिर्मलंनिर्गुणंनिर्विकारम्। लोक

नाथं शोकशूलनिर्मूलिनं शूलिनं मोहतमभूरिभानुम्। कालकालं कलातीतमजरं हरं कठिनकलिकालकाननदवानुम्।
तज्ज्ञमज्ञानपाथोधिघटसंभवं सर्वगं सर्वसौभाग्यमूलम्। प्रचुरभव-भंजनं प्रणतजनरंजनं दासतुलसीशरणसानुकूलम्॥ १२॥

टी०। सर्वदा शं नाम कल्याण के कर्ता शं नाम सुख प्रदं नाम दाता सज्जनन्हको आनन्दके द नाम दाता शैलकन्या जो पार्वतीजू ताके वरं नाम स्वामी परम नाम श्रेष्ठ रम्यं नाम रमणीय अर्थात् अति सुन्दर कामदेव के मद छोड़ावने वाले नाम रम नाम कमल तेमोहै नेत्र जाको वामदेव जो शिवजू तेहको भजे नाम हम भजन करेहैं भावगम्य नाम प्रीति करि जाने जातहैं सत्‌चित् आनंदके कन्द नाम मूल अर्थात् मूर्ति अन्य शब्दन्ह के पूर्व अर्थ करि आये हैं वृन्दारका नाम देवता साक्षात् विष्णु ब्रह्मा और पूर्वोक्त सिद्धादि जो सबतेन्ह करिकेवंद्य नाम वंदन करवे योग्य चरण कमल जाको ब्राह्मण कुल के वल्लभं नाम प्रिय सुलभं नाम भक्तन्हको सुलभ तें प्राप्त अति दुर्लभं नाम विमुखन्हको अति कठिन विकट वेष नाम असुर बुद्धिन्हके दृष्टिमें भयानक है भेष जाको विभुं नाम व्यापक वेदपारं नाम वेद जाको पार न पावे है करुणा के आकर नाम खानि अन्य शब्दन को अर्थ पूर्व लिखेहैं ऐसे जो शिव ताको नौमि नाम नमस्कार करेहैं समस्त लोक के स्वामी शोकनाम प्रिय वस्तु के नाश भये जो दुःख शूल नाम दुःख के भोग सो जो पीड़ा ताको निर्मूलिनं नाम जड़ तें नाश कर्ता शूलिनं नाम त्रिशूल को धारण किये मोहरूपी जो तम नाम अन्धकार ताके दूर करवे को भूरि नाम बहुत सूर्य्य समान कालकालं नाम कालहू के काल कलातीतं नाम कलातेपरे अर्थात् सर्वदा सम्पूर्ण रूप अजरं नाम जरातें रहित अर्थात् दृद्धत्व अवस्था जाके नहीं हरं नाम शिव कठिन जो कलिकाल सोई कानन नाम बन ताके जलाइबे को कृशानु नाम अग्नि तज्ज्ञं नाम तत्त्व के ज्ञाता अज्ञानरूपी पाथोधि नाम समुद्र ताके सोखवेको घट सम्भवं नाम अगस्त्य समान सर्वगं नाम सर्व जड़चैतन्यामे प्राप्त औ सर्व जो सौभाग्य तेहके मूलं नाम उत्पत्ति स्थान प्रचुर नाम समूह अर्थात् बहुत जो भव नाम संसारको दुःख ताको नाश कर्ता प्रणाम करत जो जन ताको रंजनं नाम आनन्द दाता शरणागत जीवको सर्वथा सानुकूलं नाम सन्मुख ऐसो जो आपहैं शिवजू ताके शरण विषे तुलसी प्राप्त है॥ १२॥

मू०। सेवहुशिवचरणसरोजरेनु कल्याणअखिलप्रदकामधेनु। कर पूरगौरकरुणाउदार संसारसारभुजगेन्द्रहार। सुखजन्मभूमि महिमाअपार निरगुणगुणनायकनिराकार। त्र्यनयनमयन मरदनमहेश अहंकारनिहारउदितदिनेश। बरबालनिशाकर मौलिभ्राज त्रैलोक्यशोकहरप्रमथराज। जिन्हकहँबिधिसुगतिन लिखीभाल तिनकीगतिकाशीपतिकृपाल। उपकारीकोपरहर समानै सुरअसुरजरतकृतगरलपान। बहुकल्पउपायकरियेअ- नेक बिनुशंभुकृपानहिंभौबिवेक। बिज्ञानभवनगिरिसुतारमन कहतुलसिदासममत्रासशमन॥ १३॥

टी०। शिवजू के चरण कमल की धूलि को सेवन करो यह अपने मनको उपदेश करत हैं कैसी वह धूलि है अखिल नाम संपूर्ण जो कल्याण ताको देने वाली कामधेनु समान कपूरमान गौरहै शरीर जाको करुणा जो दया तेहकरिकै अत्यन्त उदार अर्थात् सर्व सुखको दाता संसार बिषे सार रूप भुजगेन्द्रनाम सर्पन को राजा जो शेष सोईहै हार जेहको सुखके जन्महोबेको भूमिनाम उत्पत्ति स्थान हौ महिमाहै अपार जाको निर्गुण नाम रजोगुण तमोगुण सत्वगुण के आधीननहीं सर्वगुणनके नायकनाम स्वामी अर्थात् जाके प्रेरणाकरि गुण सब प्रगट होतहैं निराकार नाम नहीं है आकार जाको अ- र्थात् पंचभौतिक देह नहीं अहंकार जो सोई भयो निहार नाम कुहरा ताके नाशकरबेको उगे हुये दिनेशनाम सूर्य्य अन्यत् स्पष्टहै बरनामश्रेष्ठ बालनिशाकरनाम द्वितीयाके चन्द्रमामौलिनाम मस्तक बिषे भ्राजनामशोभितहै प्रमथगणके राजा और तिनकीगति याको यहभावहै कि ब्रह्माकी लिखोमिटाइबेकी सामर्थ्यहै जेह शिवजूकी अनाराधे स्पष्ट है हरनाम शिवजू के समान पर नाम अन्य उपकार कर्ता सो अगिली तुकतें जनावतहैं स्पष्टहै॥ १३॥

मू०। देखोदेखोबनबन्योआजुउमाकान्त। मनोदेखनतुमहिंआईऋतु बसन्तमनुतनदुतिचंपककुसुममाल। बरबसननीलनूतनतमा- ल। कदलिजंघपदकमललाल सूचककटि केहरिगतिमराल। भूषणप्रसूनबहुबिबिधिरंग नूपुरकिंकिणिकलरवबिहंग। कर नवलबकुलपल्लवरसाल श्रीफलकुचकंचुकिलताजाल। आनन सरोजकचमधुपपुञ्ज। लोचनबिशालनवनीलकंज। पिकबचन चरितबरबर्हिकीर मितसुमनहासलीलासमीर। कहतुलसि

दासतुलसिशिवसुधाम। सुरवधिप्रमंधरवेषपथवान। करिकृपा
हरियभ्रमफंदकाम। जेहिहृदयबसहिंसुखरासिराम॥ १४॥

टी०। आसु उमाकान्त बनको रूपवर्ण्यो है ताको देखो इहां अपने मनको देखावत हैं कैसो मनवने हो आज है शिवजू तो तुम्हारे देखने को मनो साक्षात् वसन्तऋतु आई है यह पद विषै शिवजू के अङ्ग को बनरूप करि कहत हैं कैसो बन है औ कैसो शिवजू को शरीर है सो कहत हैं। बनविषै चम्पाके पेड़ फूले हैं इहां पार्वतीजू आधे अङ्ग में बैठी हैं सो महारानी के शरीर की जो द्युति सोई मानो चम्पाके फूलको माल नाम समूह फूल्यो है इहां गौर शरीर औ चम्पाके फूलको पीतवर्ण की समता है तथा फूलमें विकास होत है सो शरीर विषैं विकास गुण प्रत्यक्ष है बन में तमालको वृक्ष होत है सो इहां महारानी श्रेष्ठ बसननाम साड़ी नीलनाम श्यामरङ्गकी पहिरे हैं सोई तमाल वृक्षभयो नूतननाम नवीन इहांभी दो गुण वृक्षको वस्त्रविषै जनावत हैं एकतो श्याम रङ्गको समता दूसरो वृक्षविषै प्रकाश गुण है सो गुण साड़ीविषै भी है बनमें वृक्ष होत है कलनाम मधुर कदली नाम केला को वृक्ष है इहां महारानी को जंघा सोई कदली वृक्षभयो कदलीखंभ समान जंघाको वर्णन करनो कविन्हकी परम्परा है बनमें सरोवरविषै कमल फूले हैं इहां महारानीको जो पदतल सोई लाल कमल भयो बनमें सिंह होत है इहांकटि जो कमर सोई केहरि नामसिंह ताको सूचतनाम जनावे है सिंहको कटि सूक्ष्म होवे है इहांसूक्ष्म ताकी समता कटिविषै कहे पूर्वउक्त में कमलको वर्णन करि जलाशय सूचित भयो तो जहां जलाशय होत है तहां हंसको कवि सब वर्णन करत हैं सो महारानी को गति जो गमन सोई हंसभयो इहां मन्दगति ते समता जनाये बनमें बहुत रंगके बहुत फूल होत हैं इहां महारानी को भूषणनाम जो गहनो तामें अनेक रंग के जो मणि जड़े हैं सोई बिबिधि रंग के फूल भये इहां अनेक रंगकी समता किये बनमें पक्षिन को शब्द होत है इहां महारानीके पगन्हमें जो नूपुर औ कटिविषै किंकिणी नामक्षुद्रघण्टिका ताको जो शब्द सोई विहंग नाम अनेक पक्षी को कलनाम मधुर रवनाम शब्द समानभयो इहां मधुरता की समता जनाये बनमें मौलसरी औ आमको वृक्ष होत है इहां शरीर रूप जो

वृक्ष ताविषै करनाम जो दोऊ हाथ सो बकुल नाम मौलसरी रसालनाम आम ताको नवीन पल्लव तुल्य भयो इहां हाथ औ नवीन पल्लव तें कोमलता समता किये बनमो बेलको दृढहोतहै इहां कुचनाम स्तन सोई श्रीफलनाम बेलके फलतुल्य भयो तथा बनविषै लताहोत है इहां कंचुकि नाम जो चोली सोई लताको जालभयो सो फलन्हके ऊपर चढ़िरह्योहै लालकमलको पूर्व वर्णन किये अब और रङ्गके कमलनको जनावतहैं आनन जो मुख सोई सरोज नाम पीत कमल भयो जब कमल भयो तब भ्रमर चाहिये सो महारानी को कचनाम जो बार मुखपर छूटिरहे हैं सोई मधुप पुञ्ज नाम भ्रमरन्ह के समूह भये बड़े २ जो नेत्र तामो जो गोलक सोई नवीन श्यामकमल भयो बनमो पपीहा तथा मोर सुगाकी बोली होतिहै इहां महारानीको जो बचन चरित नाम बचनन्ह की रचना बरनाम श्रेष्ठ सोई पिक नाम पपीहा बरहि नाम मोर कीर नाम सुगाको शब्द तुल्यभयो बनमो उज्वल पुष्प होतहैं इहां महारानीको जो हासनाम मन्दहंसनि सोई सित सुमन नाम उज्वल फूल भयो लीला नाम शिवजू के साथ अनेक रसकी चेष्टा सोई समीरनाम शीतमन्दसुगन्ध त्रिविधि वायुभयो तुलसीदास प्रार्थना करेहैं किये उरनाम हृदय विषै बसि करि पञ्च बाणनाम जो कामदेव सो प्रपञ्च की रचना करैहैं अर्थात् अनेक कामना उठावैहैं ताको हे शिवजू शान नाम सुन्दर जान-कार रूपाकरिके कामदेव को जो भ्रमको फन्द अर्थात् स्त्री विषैं जो चेष्टा सोई जाल जीवरूपी पक्षीके फंसाइबे को ताको हरिये नाम आप नाशकरो जेहतें हृदयमो सुखके राशि जो श्रीरामजू सो बसैंयाको यह भावभयो कि कामदेव शिवजूको शत्रुहै ताको पूर्वजलाये हैं सो गोसाईं जनावत हैं कि सोई जो कामदेव सो आपके शरणागत जीवनको दुःखदेतहै वाकेतरफ आप एकबार देखौ जो वह नाशको प्राप्तहोय काहे कि यावत् हृदय मो काम को वासहै तावत् श्रीरामजू नहीं बसतहैं यह भावहै ॥ १४ ॥

मू० । दुसह दोषदुखदलनि करुदेविदाया । विश्वमूलासिजनभानु
कूलासिसरशूलधारिणिमहामूलमाया । तड़ितगर्भाङ्गस-
र्वाङ्गसुन्दरलसतदिव्यपटभव्यभूषणविराजै । बालमृगमंजुखंज
निमिलोचनिचन्द्रवदनि लखिकोटिरतिमारलाजै । रूपसुख

शीलसीमासिभीमासिरामासिवामासिवरबुद्धिवानी । छमु-ख हेरम्बअंबासिजगदम्बिके शंभुजायासिजयजयभवानी। चण्ड भुजदण्डखण्डनिबिहण्डनिमुण्डमहिषमदभङ्गकरि अङ्गतोरे। शुम्भनिशुम्भकुंभीशरणकेशरिणि क्रोधवारिधिबैरि वृन्दबोरे। निगमआगमअगमगुर्व्वितवगुणकथनउर्व्विधर करतजेहिस-हसजीहा। देहिमामोहिपनप्रेमयहनेम निजराम घनश्याम तुलसीपपीहा ॥ १५ ॥

टी० । नहीं सहवेयोग्य जो दोष तथा दुखतेहकों दलनि नाम नाश करनेवाली ऐसी जो आप हे देवी सो दयाकरो यह पद विषें दोष दुखहरण करबे को प्रार्थना किये सो वेद की आज्ञा जो ने वर्णाश्रमकों जवन धर्म तेहतें उलटा अधर्मनें प्रवृत्तिताको दोष कहिये गेह अधर्म का जो फल ताकों भोगकरते जो पीड़ा उत्पन्नहोतहै सोई दुखहै फेर आप कैसीहो हे देवी समस्तविश्व की मूल नाम उत्पत्ति स्थान असि नाम है। फेर जनन के ऊपर सानुकूलहै। असिशब्द जहां आवै तहांहै। अर्थ जानना फेर आप कैसी है। दुष्टन्ह के निमित्त बाण औ शूल धारन कियेहै। महा-मूल नाम आद्याशक्ति है। अर्थात् सर्व सृष्टि की करने वाली है। बिजुली को जो गर्वनामसार तैसोहै प्रकाशनाम अङ्ग जाको सर्व अङ्ग सुन्दर शोभित है दिव्य नाम आश्चर्य जो वस्त्र ताको धारण किये भव्यनाम अति रमणीय जो भूषण सो बिराजे हैं अङ्ग विषें बालक जो हरिनमंशुनाम सुन्दर जो खञ्जनिनाम खञ्जरीट तत्तुल्य विलोचनि नाम विशिष्टहै नेत्रजाको बालक जो हरनि तथा खञ्ज-रीट अति चञ्चलहोतहै सो नेत्रको खञ्जरीट औ हरिनकी समता केवल चञ्चलता एक धर्म लै कवि सब कियेहैं फेर आपकैसी हैं। हे माता चन्द्रमा समान है मुखजाको जा छबिको लखिनाम देखि करि कोटिन रतिको जो अभिमान सो लज्जित होतहै रूप सुख शील की शोभा नाम सिवान है। अर्थात् अन्यत्र काहू मों ऐसो रूपादि नहीं है तथा दुष्टन को भीमासि नाम भयदेनेवाली हो रामासि नामलक्ष्मी हौ वामासि नाम जो रूपहौ यद्वा वाम नाम सुन्दरीहौ श्रेष्ठहै बुद्धिवानी जाकी छमुख नाम छः हैं मुख जाकों ऐसो जो कार्तिकेयजू हेरम्ब नाम गणेशजू तेहके अम्बासि नाम माता हो। फेर जगत की अम्बिका नाम माता शिवजू की

जाया नाम स्त्री हौ ऐसी जो आप सो जयको प्राप्त होउ हे भवानि अत्यन्त आदर के अर्थ जय २ दो बार कहे चण्ड नाम राक्षसको प्रबल जो भुजदण्डताको खण्डनिनाम तोड़नेवाली तथा मुण्डनाम जो असुर ताकों विहण्डनिनाम विशेषकरि नाशकरने वाली महिषनाम जो असुरताके मदकों भङ्गकरि अंगन्हकोंतोस्यो है जानेशुंभ निशुंभनाम जो असुर सोईभयो कुंभीशनाम हाथिन्ह को ईश अर्थात् उन्मत्त हाथीताके नाशकरबेको रणविषैं केहरिनि नाम सिंहिनि फेर दुष्टन के ऊपर जो क्रोध सोई बारिध नाम समुद्र ताविषैं बैरी जो असुर हन्दनाम समूह ताकोंं बोरे नाम डुबायेहैं जाने निगम जो वेदआगम जो नारद पञ्च रात्रादिक ताहूको अगमनाम कठिनगुर्विनाम गरिष्ट अर्थात् भारीतुम्हारो गुण कथन है उर्वि नाम पृथ्वी ताकों धारणकर्ता जो शेषनाग कहतेहैं जेह गुणको हजार जीभतें परि उनहूं को अगम है सा नाम हेमाता मोकों पननाम प्रतिज्ञा तथा प्रेम यहनेम नामजो कबहीं छूटेनहीं ताको दृष्टान्तदेतहैं कि जैसे स्वातीनक्षत्रको श्याम घन नाम जो मेघ तेहि विषैं जैसो पपीहा को नेम प्रेम पन है तैसो निजनाम अपने स्वामी जो श्रीरामजी सोई भये श्याम घन मेघ तेहविषै पपीहा रूप तुलसीको करो अर्थात् सोनेम प्रेमपन मोकों देव यह अर्थ है ॥ १५ ॥

मू० । जयजयजगजननिदेवि सुरनरमुनिअसुरसेवि भक्तिभुक्तिदा-
यिनिभयहरणिकालिका। मङ्गलमुदसिद्धिसदनिपर्वशर्वरीश
वदनितापतिमिरतरुणतरणिकिरणमालिका। वर्मचर्मकरि
कृपाणशूलशैलधनुषबाणधरणिदलनिदानवदलरणकराालि-
का। पूतनापिशाचप्रेतडाकिनिशाकिनिसमेतभूतग्रहबेताल
खगमृगालिजालिका। जयमहेशभामिनिअनेकरूपनामिनि
समस्तलोकस्वामिनिहिमशैलबालिका। रघुपतिपदपरमप्रेम
तुलसीयहअचलनेमदेहुह्वैप्रसन्नपाहिप्रणतपालिका ॥ १६ ॥

टी० । जय २ पूर्ववत् हे देवी जगतकी माता जो आप देवता मनुष्य मुनिअसुरन्ह करिकै सेविनाम सेवित अर्थात् सब सेवाकरतेहैं जाको भक्तन्हकों भुक्ति नाम ऐश्वर्यको देनेवाली तथा भयकी हरणिहारी ऐसी जो आप कालिकारूप मंगल जो उत्सव मुदनाम आनंद सिद्धि जो आठ पूर्व कहे ताको सदनि नाम गृहहौ पूर्व नाम पूर्णमासी

